Published Date:	29 Aug 2018	Publication:	Prabhat Khabar (Hindi)
Edition:	Kolkata	Page No:	5
MAV/CCM:	18256/13.04	Circulation:	69837

प्रतियोगिता की विजेता रही लोयला जमशेदपुर

कोलकाता. टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस द्वारा मंगलवार को आइटी की जानकारी व जागरूकता के लिए एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 'टीसीएस आइटी विज' में लोयला विद्यालय जमशेदपुर की टीम के अंबरिश झा (कक्षा-11) व शोभित महतो(कक्षा-12) विजयी रहे. जिन्हें ट्रॉफी,मेडल और साठ हजार का इ-वाउचर देकर पुरस्कृत किया गया, जबकि उपविजेता साउथ सीटी इंटरनेशनल स्कूल की टीम के अरित्रा कर(कक्षा-11) तथा व्रीक कर्मकार (कक्षा-12) रहे, जिन्हें ट्रॉफी, मेडल और चालीस हजार का इ-बाउचर देकर पुरस्कृत किया गया. प्रतियोगिता का आयोजन कला मंदिर में किया गया था. इस कार्यक्रम में 90 विद्यालयों की 502 टीमों ने हिस्सा लिया. प्रत्येक टीम में दो विद्यार्थियों ने भाग लिया. प्रतियोगिता की लिखित परीक्षा के बाद क्षेत्रीय फाइनल प्रतियोगिता में छह विद्यालयों की टीम का चयन किया गया था. मंगलवार को लोयला जमशेदपुर, लक्ष्मीपत सिंघानिया, दिल्ली पब्लिक स्कूल, रूबी पार्क, डीएवी मॉडल स्कूल, दुर्गापुर, दिल्ली पब्लिक स्कूल, मेगा सीटी और साउथ सिटी इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों के बीच प्रतियोगिता हुई. इस दौरान ट्वीट प्रतियोगिता भी रखी गयी थी जिसमें 9165 ट्वीट सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक हॉल से किये गये.